>

Title: Regarding Need to enact population control Act in the country-laid.

**श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया ( भीलवाड़ा):** मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि देश में जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है । मैं सरकार को जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने का आग्रह करता हूं । भारत की जनसंख्या 135 करोड़ से अधिक हो गई है । यह दुनिया की 20% है । जबकि हमारे संसाधन जैसे जल, जंगल, जमीन इत्यादि मात्र 2 से 4 प्रतिशत हैं । यदि समय रहते जनसंख्या विस्फोट को रोका नहीं गया तो आने वाली पीढ़ियां खाद्यान्न, जल सहित कई प्राथमिक संसाधनों एवं रोजगार के लिए तरसेगी । जनसंख्या वृद्धि के कारण वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण बढ़ता जा रहा है । देश में बेरोजगारी और गरीबी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं । जनसंख्या असंतुलन से अपराध बढ़ रहे हैं । चोरी, डकैती, घरेलू हिंसा, अलगाववाद, कट्टरवाद और पत्थरबाजी के पीछे भी कहीं ना कहीं जनसंख्या वृद्धि बड़ा कारण है । सच्चाई यह है कि टैक्स देने वाले 'हम दो, हमारे दो' नियम का पालन करते हैं लेकिन इस टैक्स से सरकारी लाभ लेने वाले जनसंख्या में बेतरतीब वृद्धि कर रहे हैं । इस पर नियंत्रण करना आवश्यक है । हमारी सुविधाएं जो राशन सब्सिडी एवं मुफ्त इलाज इत्यादि हैं उनके लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू कर पालन करना न करने वालों पर पाबंदी लगाना आवश्यक है । हमने जिस मजबूत राष्ट्र का सपना संजोया है वह जनसंख्या नियंत्रण कानून के बिना पूरा होता दिखाई नहीं पड़ रहा है । मैं सरकार से मांग करता हूं कि जल्द ही जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर स्वस्थ, सबल एवं श्रेष्ठ भारत का मार्ग प्रशस्त करें ।